# राजकीय महाविद्यालय, हाँसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(30 मार्च, 2017)

के अवसर पर

प्राचार्या

## श्रीमती सविता मान, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2016–2017

## मुख्य अतिथि :–

## श्री नरसिंह, आई.आर.टी.एस.

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोदय श्री नरसिंह जी ( आई0 आर0 टी0 एस0) उपस्थित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, राजकीय महाविद्यालय, हांसी के इस 48वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन बेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य श्री नरसिंह जी (आई0 आर0 टी0 एस0) को पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। महोदय आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित है तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझती हूँ । श्री नरसिंह जी का जन्म दिनांक 20.12.1965 को हिसार जिले के लाड़वी गांव में हुआ । आपकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव लाड़वी व जाखोद खेड़ा में हुई । इसके पश्चात् आपने स्नातक की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय, हिसार से प्राप्त की जिसमें आपने Geography Honours में गोल्ड मेडल प्राप्त किया । आपने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र से गोल्ड मेडल लेकर भूगोल विषय में स्नातकोत्तर की शिक्षा पूर्ण की। मैं आपका ध्यान इस ओर भी आकृष्ट करना चाहूंगी कि आप शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद मे विशेष रूचि रखते है । आप अपने महाविद्यालय के बॉक्सिंग टीम के सदस्य भी रहे है । आपने अपनी सेवा की शुरूआत प्राध्यापक के रूप में 1987 में जाट कॉलेज, हिसार से प्रारम्भ की। आपने नियमित प्राध्यापक के रूप में राजकीय महाविद्यालय, हिसार में 1989 से 1993 तक अध्यापन कार्य किया । इसके पश्चात् आपका चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अन्तर्गत IRTS में हो गया । इस समय आप Northern Railways में Chief Claims Officer के रूप में सेवारत है । श्री नरसिंह जी स्वभाव से मृदुल, विनम्र एवं सबको साथ लेकर काम करने की भावना में युक्त है । आपका स्नेहपूर्ण स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सबको सहजता से अपनी ओर आकर्षित करता है ।

महोदय ! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । इन शब्दों के साथ मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करती हूँ ।

जारी.....2.....

राजकीय महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है । वर्ष 2012 से महाविद्यालय में एम0.कॉम की कक्षाऐं सुचारू रूप से चल रही है ।

महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0. तथा बी0.एस0.सी0. के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 2165 हैं । आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 47 पद स्वीकृत है जिसमें 16 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं कार्यरत है तथा 32 पद रिक्त है तथा 15 अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं ।

## मैरिट स्कोलरशिपः–

श्री कर्मवीर सिहाग जी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0 कॉम0 कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 75000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme** के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की 10 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/– रू की राशि प्रदान की गई । **Haryana State Council for Science and Technology Department** की ओर से **Promotion of Science Education** के लिए महाविद्यालय की बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष की छात्रा भावना एवं सोनिया को प्रति छात्रा 56000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए महाविद्यालय में संस्कृत भाषा पढने वाले चार छात्रों को प्रति छात्र 4000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई ।

श्रीमती रजनी सैनी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में 478 अनुसूचित जाति के छात्रों को किताबों व छात्रवृति के लिए हरियाणा सरकार की योजनानुसार कुल 66,32,000/– रू की राशि महाविद्यालय द्वारा वितरित की जा चुकी है । इसके साथ बी0सी0 वर्ग 415 विद्यार्थियों में से 242 को 6,24,840/– रू0 की निदेशालय द्वारा सीधे खाते में छात्रवृति प्रदान की गई है तथा 173 विद्यार्थियों की 3,65,995/– रू0 की छात्रवृति अभी निदेशालय द्वारा देनी बाकी है ।

## महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–

## संस्कृत साहित्य परिषदः–

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व एंव श्री कर्मबीर सिहाग के सहयोग से वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । महाविद्यालय की टीम ने हरियाणा संस्कृत अकादमी के सौजन्य से श्री जयराम विद्यापीठ कुरूक्षेत्र में आयोजित गीताप्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

जारी ....3.....

## हिन्दी साहित्य परिषदः–

हिन्दी साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया । इसमें 'याद करों कुर्बानी' अगस्त 2016 में करवाई गई जिसमें पीयुष बी0ए0 द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर, अमित कुमार, बी0ए0 प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा ललित कुमार , बी0ए0 प्रथम वर्ष तथा बिन्टु बी0ए0 द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। हिन्दी दिवस पर भाषण व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पीयुष कुमार, बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, वैशाली एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष तथा कुमारी आशा बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें प्रथम स्थान उमा बी0ए0 तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कुमारी दीपिका एम0कॉम0 प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान कुमारी कान्ता बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

## गणित परिषदः–

गणित परिषद डॉ0 हर्षा के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । परिषद द्वारा दिनांक 14.03.2017 जोकि गणित की भाषा पाई दिवस भी जाना जाता है, को गणित दिवस के रूप में मनाया गया । इसमें Carrer in Mathematics पर एक सेमिनार आयोजित किया गया तथा इसके साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिताओं में 17 टीमों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तथा 10 टीमों ने पोस्टर मेकिंग ने भाग लिया । इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में मोना बी0एस0सी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान तथा शिल्पा बी0एस0सी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । सी0आर0एम0 जाट कॉलेज हिसार में आयोजित अन्तः महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28.02.2017 को आयोजित साईंस कन्कलेव में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया इसके अतिरिक्त बी0एससी0 तृतीय वर्ष की किरण तथा बी0एससी0 द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वीकृति ने Role of Science in Make in India में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया ।

## मनोविज्ञान परिषदः–

मनोविज्ञान परिषद द्वारा वर्ष में समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता तथा पेपर रिडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । चार्ट मेंकिंग प्रतियागिता में मोनिका बी0ए0 प्रथम वर्ष ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय तथा राधवप्रिया व राज ने सयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया । पेपर रिडिंग प्रतियोगिता में पुरूषोत्तम बी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम, मोनिका व आशु बी0ए0 प्रथम ने द्वितीय स्थान तथा सुखदेव बी0ए0 तृतीय वर्ष तथा राज बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

जारी ....4....

**भूगोल परिषदः–**

1. फरवरी 2017 में आयोजित अन्तर्जिला विज्ञान प्रदर्शनी में हितेष बी0ए0 तृतीय वर्ष तथा अखिल बी0ए0 तृतीय वर्ष ने भूगोल विषय के अन्तर्गत एक आकर्षक व शिक्षाप्रद मॉडल तैयार करके महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । इस प्रतियोगिता में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा ।
2. सत्र के दौरान रोहतक, कलानौर तथा हिसार में आयोजित अर्न्तमहाविद्यालय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के भूगोल विभाग की टीमों ने भाग लिया तथा सराहनीय प्रदर्शन करते हुए कलानौर में प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्रॉफी पर कब्जा किया । इन प्रतियोगिताओं में हितेष बी0ए0 तृतीय वर्ष सोनिया बी0ए0 तृतीय वर्ष मुकेश बी0ए0 तृतीय वर्ष पूनम बी0ए0 तृतीय वर्ष राजेश बी0ए0 द्वितीय वर्ष सुमेश बी0ए0 द्वितीय वर्ष तथा अंजली बी0ए0 प्रथम वर्ष का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषद :–**

1. महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग के छात्रों ने Inter District Science Exhibition में भाग लिया । यह साईंस प्रदर्शनी दिनांक 08.02.2017 से 09.02.2017 तक राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित की गई । दिनांक 20.03.2017 को कम्प्यूटर साईंस विभाग ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा Power Point Presentation Competition का आयोजन किया गया जिसमें Computer Science विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।
2. Power Point Presentation में आदित्य बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, शुभम बी0सी0ए0 तृतीय ने द्वितीय तथा भारत व राजपाल बी0सी0ए0 तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।
3. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमित बी0सी0ए0 द्वितीय ने प्रथम, भारत बी0सी0ए0 तृतीय व मोनिका बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान व नितेश बी0सी0ए0 तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**वाणिज्य परिषद :–**

1. वाणिज्य विभाग के छात्र संजय शर्मा एम0कॉम0 प्रथम वर्ष, साक्षी चावला एम0कॉम0 प्रथम वर्ष तथा वैशाली एम0कॉम द्वितीय वर्ष ने राजकीय महाविद्यालय महम में 22.02.2017 को आयोजित अन्तः महाविद्यालय वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया जिसमें राजकीय महाविद्यालय, हांसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ट्रॉफी पर कब्जा किया ।
2. दिनांक 08.03.2017 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित अन्तः महाविद्यालय युवा संसद प्रतियोगिता में एम0कॉम0 प्रथम व द्वितीय वर्ष के 6 छात्रों ने भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
3. 21.03.2017 को महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया ।
4. 22.03.2017 को डॉ0 सुरेश मित्तल, एसोसिएट प्रोफैसर, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार ने विस्तार व्याख्यान में निवेश प्रबन्धन व स्कन्ध विपणि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया ।

जारी ....5....

**इतिहास परिषद :–**

इतिहास परिषद वर्ष भर श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा के नेतृत्व में तथा श्री किशनपाल की सहायता से वर्षभर कार्यरत रही । इतिहास विभाग द्वारा आयोजित 24.03.2017 को शहीदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई । इसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में उर्विका बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सोनिया बी0ए0 तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा मंजू बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कविता पाठ प्रतियोगिता में वैशाली एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, पंकज बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा मंजू बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर मेकिंग में आशुतोष बी0एससी0 प्रथम वर्ष ने प्रथम, शिल्पा बी0एससी0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा मोना अग्रवाल बी0एससी0 प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । स्लोगन लेखन में शिल्पा बी0एससी0 प्रथम वर्ष ने प्रथम, मोना बी0एससी0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा संगीता बी0ए0 प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**राजनीतिशास्त्र परिषद :–**

राजनीतिशास्त्र परिषद वर्ष भर श्री देवेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में कार्यरत रही । संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस 24 अक्तूबर, 2016 को मनाया गया एवं राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

**विज्ञान परिषद :–**

महाविद्यालय के विज्ञान संकाय ने विद्यार्थियों के व्यवाहरिक ज्ञान को बढावा देने के लिए एक प्रर्दशनी का आयोजन किया जिसमें 40 वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए ।

**लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

लीगल लिटरेसी सैल श्री देवेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में वर्षभर कार्यरत रही है । इसमें दो विस्तार व्याख्यान नवम्बर, 2016 तथा जनवरी 2017 में श्री गुलशन बागोरिया द्वारा दिये गए जिसमें घरेलू हिंसा तथा अनुसूचित जाति एक्ट के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई ।

**महिला प्रकोष्ठ :–**

1. महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 13.08.2016 को रक्षाबंधन तथा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में Rakhi Making, Pot Making तथा Best out of waste की प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ–चढ़ कर भाग लिया ।
2. महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 26.09.2016 से 01.10.2016 तक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया । इसके साथ–साथ Art & Craft में Paper Quelling द्वारा विभिन्न प्रकार के decoration pieces तथा Jewellery pieces बनाने का प्रशिक्षण दिया गया ।
3. महिला प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 18.10.2016 को करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेंहदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।
4. महाविद्यालय द्वारा दिनांक 20.01.2017 को डॉ0 पूनम सिंगला द्वारा छात्राओं को Sanitation Awareness Lecture दिया गया । छात्राओं को विशेष रूप से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के बारे में बताया गया ।

जारी .....6....

## कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लैसमैंट सैल कार्यरत है । इसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिहाग है ।

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

राजकीय महाविद्यालय हांसी की एन0एस0एस0 इकाई (लड़के तथा लड़कियों) द्वारा सत्र 2016–17 में किए गए कार्यो का विवरण इस प्रकार है । दिनांक 11.08.2016 को एन0एस0एस युनिट द्वारा एक Selection Camp का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमें एन0एस0एस0 युनिट के लिए स्वयंसेवकों का चयन किया गया । 12.08.2016 को एन0एस0एस0 के स्वयंसेवकों द्वारा वन महोत्सव मनाया गया जिसमें सभी वोलेन्टीयर ने प्राध्यापकों के साथ मिलकर महाविद्यालय प्रागंण में पौधारोपण किया ।

24.10.2016 से 7.10.2016 तक महाविद्यालय में एन0एस0एस0 सात दिवसीय स्पेशल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने श्रमदान, योग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा लोगों को बुराईयों से बचकर रहने के लिए प्रेरित किया ।

30.10.2016 को महाविद्यालय में सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों ने बढ–चढ़कर भाग लिया तथा देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली व इसके साथ ही Run For Unity का भी अयोजन किया गया।

जनवरी माह में कैसलैस लेन–देन को बढावा देने के लिए महाविद्यालय की एन0एस0एस0 इकाई द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया । इसके अन्तर्गत महाविद्यालय की एन0एस0एस0 इकाई द्वारा विद्यार्थियों व स्टाफ को कैसलैस लेन–देन के सभी तरीकों के बारे में बताया गया तथा बाजार में जाकर दुकानदारों को कैसलैस लेन–देन के लिए प्रेरित किया ।

27.01.2017 को महाविद्यालय के एन0एस0एस वोलेन्टीयर द्वारा गोद लिए गए गांव ढाणी गुजरान में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनको साफ सफाई के बारे में जागरूक किया ।

रेड रिबन कल्ब दिनांक 12.08..2016 को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की रेड रिबन कल्ब की टीम ने HIV/AIDS की जानकारी देने के लिए एक फिल्म दिखाई गई जो www.teachaids.org से सरकार के आदेशानुसार Download की गई थी ।

महाविद्यालय के एन0एस0एस0 के प्रोग्राम ऑफिसर श्री कपिल मलिक के नेतृत्व में 5 विद्यार्थियों ने District Red Cross Society Hisar द्वारा आयोजित 5 दिवसीय YRC कैम्प में भाग लिया जिसमें बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र आदित्य ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित Lucky Star Game में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

## एन.सी.सी :–

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 आर्मी विंग की एक प्लाटून कार्यरत है जिसमें तीनों सालों के कुल 53 कैडेटस को एनरोल किया जाता है।

वर्ष भर महाविद्यालय में कैडेट को आवश्यक ट्रेनिंग के तहत 40 परेड़ का आयोजन करवाया गया । जिसमें कैडेटस को भारतीय सुरक्षा सेनाओं के संगठन, मानचित्र का अध्ययन, युद्ध प्रशिक्षण आदि के बारे में

जारी .....7.....

जानकारी दी गई । साथ ही राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, समाज सेवा, आपदा प्रबंधन जैसे विषयों की भी कक्षाएं लगाई गई । ड्रिल के माध्यम से कैडेटस को अनुशासन में बने रहना भी सिखाया गया ।

6 जनवरी से 15 जनवरी 2017 तक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन देवसर धाम, भिवानी मे किया गया । जिसमें 37 कैडेटस ने भाग लिया । एन0सी0सी0 अधिकारी कैप्टन किशनपाल गुज्जर भी कैम्प में साथ रहे । शिविर के दौरान कैडैटस का प्रदर्शन सराहनीय रहा । प्रशिक्षण के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान Under Officer करण जुनेजा को बेस्ट कैडेट घोषित किया गया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी कैडेट संजय, सुनिल व अनिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कर्मवीर बी0ए0 तृतीय वर्ष ने पेटिंग में प्रथम तथा प्रदीप स्लोगन प्रतियोगिता में द्वितीय रहे । विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय को ओवर ऑल ट्रॉफी प्रदान की गई । इस वर्ष फरवरी व मार्च महीने में आयोजित होने वाली 'बी' व 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा में 24 व 14 कैडेट उपस्थित हुए गत वर्ष हुई परीक्षा में 'बी' प्रमाण पत्र में 18 कैडेटस तथा 'सी' प्रमाण पत्र में सभी 14 कैडेटस सफल रहे ।

**<u>सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–</u>**

सत्र 2016–17 में वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का अयोजन करवाया गया ।

1. सत्र में आरम्भ में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 व 17 सितम्बर, 2016 को करवाया गया । जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गायन, मिमिकरी, मोनो एक्टिंग व नाट्यकला आदि करवाया गया ।
2. (जोनल युथ फेस्टिवल) कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित क्षेत्रीय युवा समारोह का आयोजन दिनांक 20 से 22 अक्तुबर 2016 तक सी0आर0 किसान महाविद्यालय जींद में हुआ । जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न 16 टीमों ने हिस्सा लिया । प्रथम बार हिस्सा ले रही महाविद्यालय की सांग टीम ने क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढाया । साथ ही बिन्टु बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र ने रागनी में द्वितीय स्थान तथा आदित्य बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष ने तबला वादन में तृतीय स्थान प्राप्त किया । शेष टीमों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा ।
3. इन्टर जोनल स्तर पर भी महाविद्यालय की सांग टीम ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में आयोजित समारोह में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
4. हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित रत्नावली समारोह कुरूक्षेत्र में सांग टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही तृतीय वर्ष के छात्र नवीन कुमार ने चुटकुला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
5. कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 5वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव के लिए महाविद्यालय का सांग 'नौटंकी' को हरियाणा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों में मंचन हेतु चुना गया । जिसके तहत महाविद्यालय की टीम ने डी0ए0वी0 महाविद्यालय सढौरा, तकनीकी कॉलेज बिलासपुर (यमुनानगर) आर्यकन्या महाविद्यालय शाहबाद, तकनीकी महाविद्यालय कुरूक्षेत्र, डी0ए0वी0 महाविद्यालय चीका (कैथल) सी0आर0जाट कॉलेज हिसार तथा राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी (करनाल) में 01 मार्च से 08 मार्च तक सांग का मंचन किया । सांग की लुप्त हो रही विधा को

जारी .....8....

पुर्नजीवित करने का एक भरसक प्रयास विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है । महाविद्यालय के सांग 'नौटंकी' को हर जगह सराहा गया । वर्ष भर चलने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के सभी सदस्यों श्री महेन्द्र सिंह, श्रीमती रजनी सैनी, श्री देवेन्द्र सिंह मलिक आदि का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ ।

अर्नव्हाईल यू लर्न–

महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार अर्न व्हाईल यू लर्न नीति के अन्तर्गत सरकार द्वारा 2,71,600 /– रूपये की राशि प्राप्त हुई जो 201 विद्यार्थियो में वितरित की गई । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ0 राजकुमार बधाई के पात्र हैं ।

खेल–कूदः–

1. महाविद्यालय की कुश्ती महिला खिलाड़ियों में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तः महाविद्यालय रेस्लिंग प्रतियोगिता में भाग लिया व कुमारी सोनू बी0ए0 तृतीय वर्ष ने स्वर्ण पदक व कुमारी रितु बी0ए0 प्रथम वर्ष ने रजत पदक प्राप्त किया । कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की कुश्ती टीम का सदस्य बनकर अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में नेतृत्व किया । इसके अलावा महाविद्यालय की छात्राएं कुमारी कीमती, सोनू व रितु ने जुनियर नेशनल रेस्लिंग प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया है । इसके साथ पुरूष वर्ग में महाविद्यालय के भुपेन्द्र बी0ए0 तृतीय वर्ष व मनीष बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने कांस्य पदक प्राप्त किये है ।

2. महाविद्यालय के तैराकी के खिलाड़ियों ने अन्तः महाविद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा भगत सिंह बी0एससी0 तृतीय वर्ष ने चार स्वर्ण पदक व एक कांस्य पदक हासिल किया । कृष्ण कुमार बी0एससी0 तृतीय ने दो कांस्य पदक व संदीप बी0ए0 प्रथम वर्ष ने दो कांस्य पदक हासिल किये है । इसके साथ–साथ भगत सिंह अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया ।

3. महाविद्यालय के टाईकमाण्डों खिलाड़ियों ने अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया व आजाद बी0कॉम0 प्रथम वर्ष ने कांस्य पदक प्राप्त किया है । इसके अलावा टाईकमाण्डों खिलाडियों ने हिसार में आयोजित नोर्थ इण्डिया पंचक सिलाट प्रतियोगिता में भाग लेकर आजाद ने स्वर्ण तथा सुरेन्द्र व विष्णु ने रजत पदक प्राप्त किये है ।

4. महाविद्यालय के कराटे खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया व कुमारी सुमिता बी0ए0 प्रथम वर्ष ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । इसके अलावा सुमिता ने राष्ट्र स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया है ।

5. महाविद्यालय के पावर लिफ्टिंग के खिलाडी रितेष बी0ए0 तृतीय वर्ष ने अन्तः महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग व पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया व कांस्य पदक हासिल किया ।

इन सभी उपलब्धियों के अलावा महाविद्यालय की शतरंज, क्रिकेट , सर्कल कब्ड्डी , राईफल शूटिंग, तीर अंदाजी व जूडों खिलाड़ियों ने अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में अपना उच्च प्रदर्शन दिया है । इसके साथ उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित प्रथम अन्तः महाविद्यालय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में

जारी ......9......

महाविद्यालय की कुश्ती व फुटबॉल टीम ने भाग लिया व कुश्ती में कीमती, सोनू व रितु ने स्वर्ण पदक हासिल किया ।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के साथ महाविद्यालय की 37वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन 07 व 08 नवम्बर, 2016 को सफलतापूर्वक किया गया व छात्रा कुमारी सोनम बी0एससी0 145078 व छात्र प्रवीन बी0कॉम0 द्वितीय रोल नं0 154023 क्रमशः सर्वश्रेष्ठ छात्रा व छात्र रहे है । इन सभी विद्यार्थियों की सफलता के लिए महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी सैनी बधाई की पात्र है ।

**बर्सर :–**

श्री सुभाष पुनिया ने जनवरी, 2017 तक बर्सर के दायित्व को कुशलता से वहन किया । उनकी सेवानिवृति के पश्चात् श्री शामेन्द्र सिंह बामल बर्सर का कार्य कुशलता पूर्वक कर रहे है ।

**महाविद्यालय पत्रिका :–**

छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है ।

**शैक्षणिक उपलब्धियाँ–**

महाविद्यालय की होनहार छात्रा कुमारी पिंकी बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष ने सत्र 2015–16 में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में चौथा स्थान तथा कुमारी करूणा सुपुत्री श्री आनन्द कुमार कक्षा बी0एससी0 तृतीय वर्ष (नॉन–मैडिकल) रोल नं0 10907 ने पांचवा स्थान तथा प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । महाविद्यालय परिवार कुमारी पिंकी व कुमारी करूणा के इस शानदार उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करता है ।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

महाविद्यालय के 34 छात्रों का एक दल मनाली (हिमाचल प्रदेश) में उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित Adventure Camp में भाग लेकर कल ही वापस लौटा है ।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–**

(1) गणित विषय की प्राध्यापिका कुमारी हर्षा ने सत्र 2016–17 में पी0एच0डी0 की डिग्री प्राप्त की । डॉ0 हर्षा ने अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला जो TIFR – ICTS बैंगलौर में आयोजित की गई थी में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया । इसके अतिरिक्त डॉ0 हर्षा ने MMU मोलाना द्वारा आयोजित Inter National Conference in Mathematics में भाग लेकर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया । डॉ0 हर्षा ने राजकीय महाविद्यालय पंचकूला द्वारा आयोजित IIT Spoken Tutorial की Master Training में हिस्सा लिया ।

(2) शारीरिक शिक्षा विषय की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी सैनी ने आर्य कॉलेज पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में एक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया ।

(3) संस्कृत विषय के प्राध्यापक श्री कर्मवीर सिंह ने हरिद्वार में आयोजित 48वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में भाग लेकर शोधपत्र प्रस्तुत किया । इन्होंने गुरूजम्भेश्वर

जारी ......10......

विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया । इनका एक शोध पत्र 'विश्वज्योति' पत्रिका में प्रकाशित हुआ ।

(4) कम्प्यूटर विषय के प्राध्यापक श्री कपिल कुमार ने राजकीय महाविद्यालय, भूना में आयोजित सेमिनार में पेपर प्रस्तुत किया । रेड क्रॉस सोसाईटी के YRC कैम्प में कांऊसलर के रूप में हिस्सा लिया ।

(5) कम्प्यूटर विषय की प्राध्यापिका श्रीमती सीमा रानी ने चार राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया व शोध पत्र प्रस्तुत किए ।

(6) वाणिज्य संकाय के श्री शामेन्द्र बामल ने HIPA द्वारा आयोजित ट्रेनिंग में भाग लिया । श्री शिव रतन मित्तल में दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लेकर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

**पुस्तकालय :–**

वर्तमान पुस्तकालय नयी बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्यरत है जिसमें 28855 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं जिसमें से 1251 पुस्तके इस वर्ष खरीदी गई । पुस्कालय में प्रति दिन 10 समाचार पत्र तथा 5 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों की कमी है ।
2. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।
3. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
4. दूर–दराज से महाविद्यालय में आने वाली छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है । अतः छात्राओं के लिए एक छात्रावास की अति आवश्यकता है ।
5. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
6. महाविद्यालय की लाईब्रेरी के साथ अध्ययन कक्ष की आवश्यकता है ।

जारी ......11.......

**आभार प्रदर्शन :–**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करती हूं जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय आयुक्त एवं सचिव तथा संयुक्त निर्देशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मवीर सिहँ प्राध्यापक संस्कृत, तथा श्री राजेन्द्र कुमार प्राध्यापक हिन्दी का मैं आभार व्यक्त करती हूँ । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करती हूँ।